Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to protect the interests of tribal people evicted from their natural dwellings in Dausa Parliamentary Constituency, Rajasthan-laid.

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करने वाले जनजाति बन्धुओं को एवं अन्य सभी को आवासीय पट्टे दिये जाने आवश्यक है। वन क्षेत्रों में सदियों से निवास करने वाले परिवारों को वन भूमि क्षेत्र से बाहर किया जाना अन्याय है । मेरे संसदीय क्षेत्र दौसा (राजस्थान) में थानागाजी व सिकराय, लालसोट विधान सभाओं के पहाड़ी व वन क्षेत्र में ऐसा अन्याय हो रहा है । मैं इस व्यवस्था में हस्तक्षेप करने के साथ यह भी ध्यान में लाना चाहती हूं कि कथित रूप से बड़े माफिया लोग थानागाजी क्षेत्र में बड़ी-बड़ी भूमि व जंगलों पर अपना कब्जा बना रहे हैं। थानागाजी में बसे लोगों पर कथित रूप से अत्याचार भी कर रहे हैं। कथित रूप से बड़े-बड़े होटल व फार्म हाऊस अवैध बन रहे हैं ।

अतः इन पर कार्यवाही हो और स्थानीय लोगों का संरक्षण किया जाए ।